भारत सरकार
शिक्षा मंत्रालय
स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या- 3417**
उत्तर देने की तारीख-16/12/2024

**सीबीएसई द्वारा उपलब्ध कराई जाने वाली शैक्षणिक किट**

†3417. **श्री के. गोपीनाथ:**

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) द्वारा प्रदान की जाने वाली शैक्षणिक किटें प्राधिकारियों द्वारा विद्यालयों को समय पर वितरित की जा रही हैं;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) विगत तीन वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान विद्यालयों को वितरित की गई किटों की संख्या कितनी है;
(घ) क्या सरकार द्वारा विद्यालयों और शिक्षकों आदि को आपूर्ति की जाने वाली किटों की गुणवत्ता की निगरानी के लिए कोई मानदंड अपनाया गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ङ) क्या डिजाइन प्राधिकरण द्वारा विकसित की गई शैक्षणिक किटों का निरीक्षण अंतिम प्राधिकारी द्वारा किया जाता है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(च) क्या छात्रों और विद्यालयों को प्रदान की जा रही शैक्षणिक किटों की गुणवत्ता की निगरानी के लिए कोई अंतिम प्राधिकरण नामित किया जा रहा है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(छ) सरकार द्वारा इस संबंध में क्या कदम उठाए जाने की संभावना है?

**उत्तर**

**शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**(श्री जयन्त चौधरी)**

(क) से (छ): केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड स्कूलों को शैक्षिक किट वितरित नहीं करता है। तथापि, राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) स्कूल शिक्षा के क्षेत्र में शिक्षण-अधिगम में सुधार को बढ़ाने हेतु उत्तरदायी है, जो किट के रूप में स्कूल उपकरणों के डिजाइन, विकास और प्रोटोटाइप उत्पादन द्वारा व्यावहारिक अनुभव के माध्यम से प्रिंट मीडिया को सहायता प्रदान करती है।

*****